**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF RAILWAYS**
**(RAILWAY BOARD)**

No. 2014/TG-I/23/PRS Terminal/Pt.2 New Delhi, Dated: 16 .01.2018

Principal Chief Commercial Managers,
All Zonal Railways.

**(Commercial Circular no. 05 of 2018)**

**Sub: Implementation of Goods and Services Tax (GST) on Yatri Ticket Suvidha Kendra (YTSK).**

Instructions stipulating the methodology for issuance of tickets through YTSK under the current GST regime were issued vide this office letter of even number dated 29.06.2017 (Commercial Circular no. 45 of 2017).

1.1 To further clarify this matter, collection of service charges, payment of tax and issuing of tax invoice under the GST structure have been examined in consultation with Accounts Directorate of the Ministry of Railways. The clarification in this regard is as follows:-

i. *As per Section 31(2) of the Central Goods and Service Tax Act, 2017 **("The CGST Act")** read with Rule 54(4) of the CGST Rules, 2017, tax invoice includes a ticket issued by a supplier of passenger transportation service containing all the details (except the address of the recipient) as required under Rule 46. This implies that "Ticket" issued by Indian Railways through the YTSK Licensee, bearing the GST Identification Number (GSTIN) of IR along with other required details, can be construed as tax invoice of IR.*

ii. *The service charges collected for booking a ticket through the YTSK licensee form an integral part of the value of the transportation service provided by IR to the passengers. The service charge will be subjected to the same tax treatment as applicable to the underlying transportation service for which the ticket is issued.*

iii. *In case of tickets for non-AC classes, no GST is imposed, however, YTKSs are authorised to collect prescribed service charges on non-AC class tickets also. Hence in this case since service charges will become part of the fare, GST shall not be imposed on the service charge component of non-AC class tickets also.*

iv. *IR shares 25% of the service charges collected from both issuance and cancellation of reserved tickets with the YTSK licensee. 100% share of the service charges collected from issuance of unreserved tickets is retained by the licensee. The said share is the consideration for the services provided by the YTSK licensee to IR.*

v. *Those YTSK licensees who are registered with GST, have to issue a GST tax compliant invoice on IR for the service charges due to him/her (75% or 100% as the case may be) out of the service charges collected from the passengers along with applicable GST, which at present is @ 18%. The said GST will be collected and paid to the credit of the Government by the YTSK licensee himself. In case YTSK agent is not registered with GST then no GST shall be charged by him.*

vi. *At present, service charges due to YTSKs collected by the Railways are adjusted in the payments to be made by them. Similarly in case of GST also adjustments can be made. However, a statement on this account shall be issued to YTSK so as to make him aware of the amount of GST to be deposited by him.*

vii. *IR would be eligible to take and utilize the input tax credit (ITC) of such GST paid to the YTSK licensee.*

**2.** Necessary instructions may be issued to all concerned accordingly.

**3.** This issues with the concurrence of Accounts Directorate of the Ministry of Railways.

| | | |
|---|---|---|
| **(Harvinder Singh)** | **(V Prakash)** | **(Pallavi Joshi)** |
| **Jt. Director Traffic Commercial (G)** | **Joint Director(Accounts)** | **Director Finance(Commercial)** |
| **Railway Board** | **Railway Board** | **Railway Board** |

No. 2014/TG-I/23/PRS Terminal/Pt.2 New Delhi, Dated: 16.01.2018

Copy forwarded to:

<u>Copy to:</u>

1. CCM/PMs and CCM/PSs, all Zonal Railways.
2. EDV(T), EDFC, DVT, DF(C), PPS/FC, OSD/TC, F(C) & V(SS) branches of Railway Board.
3. GGM/IT/IRCTC, B 148, 11th Floor, Statesman House, Barakhamba Road, New Delhi - 110001
4. Managing Director, CRIS, Chanakyapuri, New Delhi.
5. Director General, Professor/Training & Professor/Commercial Railway Staff College, Vadodara.
6. The Principals, Zonal Railway Training Institutes, Central Railway/Bhusawal, Eastern Railway/Bhuli-Dhanbad, Northern Railway/Chandausi, East Central railway/Muzaffarpur, NF Railway/Alipurduar, Southern Railway/Trichy, South Central Railway/Moula Ali, SE Railway/Sini, North Western Railway/Udaipur.
7. Director, Indian Railway Institute of Transport Management, Hardoi Bypass Road, Manak Nagar, Lucknow-2260011.
8. General Secretary, National Federation of Indian Railwaymen (NFIR), 3, Chelmsford Road, New Delhi.
9. General Secretary, All India Railwaymen Federation ( AIRF), 4, State Entry Road, New Delhi.
10. Secretary General, Federation of Railway Officers Association (FROA), Room No. 370, Rail Bhawan, New Delhi.
11. Secretary General, Indian Railways Promotee Officers Federation (IRPOF), Room No. 268, Rail Bhawan, New Delhi.
12. Secretary General, All India RPF Association, Room No. 256-D, Rail Bhawan, New Delhi.
13. CTM, Metro Railway, Metro Rail Bhawan, 33/1, J.L. Nehru Road, Kolkata-71.
14. MD, Konkan Railway Corporation Ltd., Belapur Bhavan, Plot No.6, Sector 11, CBD Belapur, Navi Mumbai-400614.

*******

**भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA**
**रेल मंत्रालय / MINISTRY OF RAILWAYS**
**(रेलवे बोर्ड / RAILWAY BOARD)**

**सं.2014/टीजी-1/23/पीआरएस टर्मिनल/पार्ट 2** **नई दिल्ली, दिनांक: 16.01.2018**

**प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक,**
**सभी क्षेत्रीय रेलें।**

**(2018 का वाणिज्यिक परिपत्र सं.05)**

**विषय: यात्री टिकट सुविधा केंद्र (वाईटीएसके) पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का क्रियान्वयन।**

इस कार्यालय के दिनांक 29.06.2017 के समसंख्यक पत्र (2017 का वाणिज्यिक परिपत्र सं.45) के तहत मौजूदा जीएसटी व्यवस्था के अंतर्गत वाईटीएसके के जरिए टिकटें जारी करने की पद्धति से संबंधित अनुदेश जारी किए गए थे।

1.1 इस मामले को और स्पष्ट करने के लिए, रेल मंत्रालय के लेखा निदेशालय के परामर्श से जीएसटी की व्यवस्था के अंतर्गत सेवा प्रभारों की वसूली, कर भुगतान और कर बीजक जारी करने की जांच की गई है। इस संबंध में स्पष्टीकरण निम्नानुसार है:

(i) सीजीएसटी नियमावली 2017 के नियम 54(4) के साथ पठित, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 **(सीजीएसटी अधिनियम)** की धारा 31(2) के अनुसार, कर बीजक में यात्री परिवहन सेवा के सप्लायर द्वारा जारी किया गया टिकट शामिल है, जिसमें नियम 46 के अंतर्गत यथा अपेक्षित सभी विवरण (प्राप्तकर्ता का पता छोड़कर) अंतर्विष्ट हैं। इसका तात्पर्य है कि वाईटीएसके लाइसेंसधारक के जरिए भारतीय रेल द्वारा जारी किए गए 'टिकट' में भारतीय रेल के जीएसटी पहचान नंबर (जीएसटीआईएन) और अन्य अपेक्षित विवरणों को भारतीय रेल के कर बीजक के रूप में माना जा सकता है।

(ii) वाईटीएसके लाइसेंसधारक के जरिए टिकट बुकिंग के लिए वसूल किए गए सेवा प्रभार भारतीय रेल द्वारा यात्रियों को मुहैया कराई गई परिवहन सेवा का एक अविभाज्य भाग हैं। यह सेवा प्रभार उसी कर के अध्यधीन होगा, जो जारी किए गए टिकट हेतु परिवहन सेवा के लिए लागू होगा।

(iii) नॉन-एसी श्रेणी के टिकटों के मामले में कोई जीएसटी नहीं लगाया जाता है, बहरहाल, वाईटीएसके नॉन-एसी श्रेणी के टिकटों पर भी निर्धारित सेवा प्रभार वसूल करने के लिए प्राधिकृत हैं। चूंकि इस मामले में सेवा प्रभार, किराए का ही भाग होंगे, इसलिए नॉन-एसी श्रेणी के टिकटों के सेवा प्रभार घटक पर भी जीएसटी लागू नहीं होगा।

(iv) भारतीय रेल वाईटीएसके लाइसेंसधारकों के साथ आरक्षित टिकटों को जारी करने और रद्द करने, दोनों पर वसूल किए गए सेवा प्रभार के 25 प्रतिशत भाग का सांझा करती है। अनारक्षित टिकटें जारी करने से वसूल किए गए सेवा प्रभार का 100 प्रतिशत हिस्सा लाइसेंसधारक द्वारा रखा जाता है। उक्त हिस्सा वाईटीएसके लाइसेंसधारक द्वारा भारतीय रेल को मुहैया कराई गई सेवा के बदले में दिया जाता है।

(v) जीएसटी में पंजीकृत वाईटीएस के लाइसेंसधारकों को यात्रियों से वसूल किए गए सेवा प्रभार में से लागू जीएसटी सहित, जो कि इस समय 18% है, अपने हिस्से के सेवा प्रभार के लिए भारतीय रेल पर जीएसटी अनुपालक बीजक जारी करना होगा (75 प्रतिशत अथवा 100 प्रतिशत, जैसा भी मामला हो)। वाईटीएसके लाइसेंसधारक द्वारा स्वयं उक्त जीएसटी वसूल किया जाएगा और इसे सरकार के क्रेडिट में भुगतान किया जाएगा। यदि वाईटीएसके एजेंट जीएसटी के साथ पंजीकृत नहीं हो तो वह कोई जीएसटी वसूल नहीं करेगा।

(vi) फिलहाल, रेलवे द्वारा वसूल किए गए वाईटीएसके के बकाया सेवा प्रभारों को उनके द्वारा किए गए भुगतान में समायोजित किया जाता है। इसी प्रकार जीएसटी के मामले में भी समायोजन किए जा सकते हैं। बहरहाल, वाईटीएसके को इसके लिए एक विवरण जारी किया जाएगा ताकि उसके द्वारा जमा किए जाने वाली जीएसटी की राशि से उसे अवगत कराया जा सके।

(vii) भारतीय रेल वाईटीएसके लाइसेंसधारक को भुगतान किए गए जीएसटी के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) को प्राप्त करने हेतु पात्र होगी और इसका उपयोग करेगी।

2. तदनुसार, सभी संबंधितों को आवश्यक अनुदेश जारी किए जाएं।

3. इसे रेल मंत्रालय के लेखा निदेशालय की सहमति से जारी किया जा रहा है।

ह॰ ह॰

**(हरविंदर सिंह)**
**संयुक्त निदेशक यातायात वाणिज्य (सा.)**
**रेलवे बोर्ड**

**(वी प्रकाश)**
**संयुक्त निदेशक (लेखा)**
**रेलवे बोर्ड**

**(पल्लवी जोशी)**
**निदेशक वित्त (वाणिज्य)**
**रेलवे बोर्ड**